भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक 26.11.2024

## आरेडिका में राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान 3.0 का आयोजन

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली में राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान 3.0 का आयोजन आरेडिका के महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन एवं प्रधान वित्त सलाहकार बत्ती लाल मीना के नेतृत्व में दिनांक 25.11.2024 से 30.11.2024 के मध्य किया जा रहा है।

जिसमें आरेडिका के सभी पेंसनरों में जागरूकता लाने के लिए प्रयास किये जा रहे हैं एवं पेंसनरों को समझाया जा रहा है कि किस प्रकार वे अपने मोबाइल के एक एप के माध्यम से अपना डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र बना सकते हैं जो कर्मचारी के आधार नम्बर की फेस आइडी से जुडा होता है स्वतः जनरेट हो जाता है।

लेखा विभाग के कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने पिछले दो दिन में 30 पेंसनरों के डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र बनाए हैं एवं लगभग 80 लोगों को फोन के माध्यम से सूचित किया है।

पेंसन भोगियों के जीवन को आसान बनाने के लिए भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण, इलैक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय तथा पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग की मदद से यह सम्भव हो पाया है।

आरेडिका के डिप्टी सीएओ/जी डा0सत्य व्रत, सीनियर एएफए एलबी यादव, एएफए विनोद कुमार, सीनियर एसओ मनीष कुमार बर्मन आदि ने डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान को सफल बनाने में पेंसनरों का सहयोग किया।

(आर एन तिवारी) 26/11/2024
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी